मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर द्वारा औचक निरीक्षण

जबलपुर। दिनांक 12.03.2019 को डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति, ना.दे.प.चि.वि.वि. जबलपुर द्वारा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। साथ ही महाविद्यालय में जारी एक माह के प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में जानकारी एकत्रित की तथा व्यवहारिक प्रशिक्षण पर अधिक जोर देने के निर्देश दिये गये व इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के 30 प्रशिक्षणर्थियों से रूबरू हुये जिससे प्रशिक्षणार्थियों में हर्ष व्याप्त हुआ। तत्पश्चात् उन्होंने डॉ. शशि महाजन, प्रभारी अधिष्ठाता एवं डॉ. सोना दुबे से मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय से संबंधी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही कुलपति महोदय ने प्रशिक्षणार्थियों से उनकी समस्याओं जैसेः प्रशिक्षण के विषय, खान–पान एवं आवास के बारे में भी पूछा कि आपको कोई शिकायत तो नही है प्रशिक्षणर्थीयों ने उत्साह पूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम की भूरि–भूरि प्रशंसा की, साथ ही प्रशिक्षणार्थियों ने यह आश्वासन दिया की उन्हें भविष्य में विश्वविद्यालय के साथ जुड़ कर कार्य करने का अवसर मिले तो जरूर साथ में काम करेगें। प्रशिक्षणार्थियों की भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये कुलपति व अधिकारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय युवा प्रशिक्षणार्थियों के हितार्थ पशुपालन के विकास की दिशा में ही कार्य कर रहा है। निःसदेह इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से प्रशिक्षणार्थी न केवल अपना भविष्य सवारेगें अपितु मत्स्य एवं पशुपालन के विकास में अहम् भूमिका का निर्वाहन करेगें।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर